आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.03.2026 15:00 बजे

**बजट सत्र**

14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में शुरू हो गया है। आगामी दो अप्रैल तक चलने वाले इस चरण में सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 21 मार्च को वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। बजट सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र को चार सैक्टर में बांटा गया है और 7 सौ पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

**जयराम ठाकुर**

इस बीच विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन ही विपक्ष ने अपने तीखे तेवर दिखाए और सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री द्वारा झूठ बोले जाने के ख़िलाफ़ नियम 75 के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को प्रिविलेज मोशन का नोटिस देकर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तीन साल से सदन के भीतर और बाहर बार–बार झूठ ही बोल रहे हैं जो सदन की गरिमा के खिलाफ है। विपक्ष के पास इसके पूरे तथ्य भी हैं जिन्हें जरूरत पड़ने पर सदन के भीतर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक संवैधानिक पद है ऐसे में इस पद पर बैठे व्यक्ति को झूठ बोलना शोभा नहीं देता।

**प्रश्नकाल**

प्रदेश सरकार ने संवेदनशील पदों पर तैनात ओ.डी.आई. सूची में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों की उनके पदों से छुट्टी कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि संवेदनशील पदों पर सेवा विस्तार के बाद तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं भी सरकार तुरंत प्रभाव से समाप्त करने जा रही है। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के मूल सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि ओ.डी.आई. सूची में शामिल तीन अधिकारी संवेदनशील पदों पर तैनात है। सरकार तुरंत इनकी सेवाएं समाप्त कर रही है। विधायक सुधीर शर्मा के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने विभिन्न मामलों की जांच के लिए कुल दस जांच समितियां गठित की। इनमें से नौ समितियों की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न विभागों द्वारा कार्रवाई की भी की गई है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 31 जुलाई 2025 तक विभिन्न विभागों में कुल 25 मंत्रिमंडलीय उप समितियां गठित की है। इसके अतिरिक्त राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक अन्य कैबिनेट सब कमेटी मंत्रिमंडल के लागू किए गए और लागू नहीं किए गए निर्णयों की समीक्षा के लिए गठित की गई है।

## इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय श्रम व रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत हिमाचल प्रदेश में 24 लाख 68 हजार 5 सौ 15 पंजीकृत सदस्य हैं। सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन सदस्यों में 5 लाख 14 हजार 7 सौ 41 अंशदायी सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि इस समय प्रोविडेंट फंड के दावों को औसतन 8 दिनों में निपटाया जा रहा है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। जनजातीय क्षेत्रों की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश के साथ–साथ ओलावृष्टि और आंधी–तूफान का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।